स्पेसटेक इनोवेशन नेटवर्क: इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation- ISRO) ने **स्पेसटेक इनोवेशन नेटवर्क (SpIN)** के लॉन्च हेतु मल्टीस्टेज इनोवेशन क्यूरेशन तथा वेंचर डेवलपमेंट प्लेटफॉर्म **सोशल अल्फा** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

SpIN क्या है?

- **परिचय:**
  - SpIN बढ़ते अंतरिक्ष उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के लिये **नवाचार, क्यूरेशन और उद्यम विकास हेतु भारत का पहला समर्पित मंच** है।
  - स्पिन/SpIN प्लेटफॉर्म विभिन्न हितधारकों के लिये देश में**अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में सहयोग और योगदान करने हेतु एक समान अवसरों का सृजन** करेगा।
  - SpIN **अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी उद्यमियों को मुख्य रूप से तीन अलग-अलग नवाचार श्रेणियों में सुविधा** प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा:
    - भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियाँ एवं डाउनस्ट्रीम अनुप्रयोग
    - अंतरिक्ष और संचालन हेतु प्रौद्योगिकियों को सक्षम बनाना
    - एयरोस्पेस सामग्री, सेंसर और वैमानिकी/ एवियोनिक्स।
    - Aerospace Materials, Sensors, and Avionics.
- **महत्त्व:**
  - अभिनव प्रौद्योगिकियों से यह उम्मीद की जा रही है कि वे व्यापक स्तर पर समाज के लिये आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय लाभों को ईष्टतम करने के लिये अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के उपयोग में परिवर्तन लाने में सहायक होंगे।
- **नवाचार चुनौती/इनोवेशन चैलेंज:**
  - SpIN ने अपने पहले इनोवेशन चैलेंज की शुरुआत **सागरीय एवं भूमि परिवहन, शहरीकरण, मानचित्रण और सर्वेक्षण के क्षेत्रों में समाधान विकसित करने के लिये** की है।
  - इस चैलेंज के माध्यम से चयनित स्टार्ट-अप और इनोवेटर्स प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुसार**सोशल अल्फा और इसरो के बुनियादी ढाँचे एवं संसाधनों दोनों तक पहुँच प्राप्त करने में सक्षम** होंगे।
  - उन्हें उत्पाद डिज़ाइन, परीक्षण और सत्यापन बुनियादी ढाँचे और बौद्धिक संपदा प्रबंधन तक पहुँच सहित महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सक्रिय सहयोग प्रदान किया जाएगा।

??????????? ????????:

प्रश्न.1 अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के संदर्भ में हाल ही में खबरों में रहा "भुवन" (Bhuvan) क्या है? (वर्ष 2010)

(A) भारत में दूरस्थ शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इसरो द्वारा लॉन्च किया गया एक छोटा उपग्रह
(B) चंद्रयान-द्वितीय के लिए अगले चंद्रमा प्रभाव जांच को दिया गया नाम
(C) भारत की 3डी इमेजिंग क्षमताओं के साथ इसरो का एक जियोपोर्टल (Geoportal)
(D) भारत द्वारा विकसित एक अंतरिक्ष दूरबीन

उत्तर: (C)

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/spacetech-innovation-network-isro-1